प्रेस नोट संख्या - 48
दिनांक 26.05.2026
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस
थाना जायस पुलिस द्वारा 10 घण्टे के अन्दर लूट की घटना का अनावरण।
पुलिस मुठभेड़ में लूट करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 मंगलसूत्र का लॉकेट, 01 तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 26.05.2026 को थाना जायस पर आवेदिका श्रीमती सिताला पत्नी ओमप्रकाश निवासी रामबारी मजरे सराय महेशा थाना जायस जनपद अमेठी द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि आवेदिका आज दिनांक 26.05.2026 को अपनी बहन के साथ अपने मायके ग्राम भीरा ई-रिक्शा से जा रही थी। रास्ते में उतरने के बाद दोनों मोजमगंज पुल से भीरा के लिए कच्चे रास्ते में पैदल जाते समय 01 मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आवेदिका के गले में पहने हुये मंगलसूत्र को झपट्टा मारकर भाग गये। उक्त सूचना पर थाना जायस पर अज्ञात 02 व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। **पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.05.2026 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना जायस पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लूट की घटना से संबन्धित 02 अभियुक्त मोटरसाइकिल से खरौली से नसीराबाद की तरफ जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मुश्तैदी से सघन चेकिंग करने लगी कि तभी खरौली की तरफ से 01 मोटरसाइकिल से 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम पर फायर करते हुये भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ने का प्रयास करने पर मोटरसाइकिल सवार लड़खड़ा कर गिर गये और पुन: पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर अभियुक्तों की तरफ से फायरिंग बन्द हो गयी। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि 01 अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया है। पूछने पर **घायल अभियुक्त ने अपना नाम बन्धन सिंह पुत्र इन्द्रभान सिंह निवासी खरौली थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा करातूस 315 बोर व लूट का मंगलसूत्र का लॉकेट बरामद हुआ तथा दूसरे अभियुक्त ने अपना नाम नान वर्मा पुत्र उदय वर्मा निवासी खरौली थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष बताया** जिसके कब्जे से 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

पूछताछ में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने बताया कि **वह दोनों ने आज दिनांक 26.05.2026 को सुबह मोजमगंज पुल से ग्राम भीरा के कच्चे रास्ते पर इसी स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 वाई 7720 से एक महिला का मंगलसूत्र लूट कर भाग गये थे।** घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस टीम के साथ अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जायस पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त बन्धन सिंह एक शातिर किस्म का अन्तर्जनपदीय अपराधी है, जोकि थाना जायस का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी व जीआरपी रायबरेली में चोरी, लूट, छिनैती, मारपीट व एनडीपीएस एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में कुल 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. बन्धन सिंह पुत्र इन्द्रभान सिंह निवासी खरौली थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष।
2. नान वर्मा पुत्र उदय वर्मा निवासी खरौली थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी –

1. 01 तमंचा, 04 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
2. लूट का मंगलसूत्र का लॉकेट।
3. लूट की घटना में प्रयुक्त स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 वाई 7720।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 68/26 धारा 309(4), 317(2) थाना जायस जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 69/26 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जायस जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 अमरेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष जायस जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 अतेन्द्र प्रताप सिंह थाना जायस जनपद अमेठी।
3. हे0का0 नागेन्द्र यादव थाना जायस जनपद अमेठी।
4. का0 आकाश सिंह थाना जायस जनपद अमेठी।
5. का0 अवधेश पाल थाना जायस जनपद अमेठी।
6. रि0का0 रोहित कुमार थाना जायस जनपद अमेठी।

गिरफ्तार अभियुक्त बन्धन सिंह का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 242/18 धारा 147,148,149,323,427,452,506 भादवि थाना जायस जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 130/19 धारा 147,323,427,452,504,506 भादवि थाना जायस जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 188/22 धारा 379,411 भादवि थाना जायस जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 189/22 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना जायस जनपद अमेठी।
5. मु0अ0सं0 23/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जायस जनपद अमेठी।
6. मु0अ0सं0 114/24 धारा 379,411 भादवि थाना जायस जनपद अमेठी।
7. मु0अ0सं0 163/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जायस जनपद अमेठी।
8. मु0अ0सं0 09/25 धारा 304(2),317(2) बी0एन0एस थाना जीआरपी रायबरेली।